ROLL NUMBER

DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE
HALF YEARLY - EXAMINATION (2023-24)

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Check that this question paper contains 17 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

CLASS: VII
SUBJECT: LOWER.HINDI

Time Allowed: 3hours **Max. Marks: 80**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क , ख , ग और घ
- सभी खंड अनिवार्य हैं ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करें ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार सही ढंग से उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।
- कृपया जाँचकर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 17 प्रश्न हैं ।

खंड - क (अपठित बोध)

Q1.निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1x5=5)**

स्वस्थ शरीर वाला मनुष्य ही इस संसार के सभी प्रकार के सुखों को भोग सकता है तथा सुखमय जीवन बिता सकता है। स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन तथा व्यायाम दोनों ही अति आवश्यक हैं। व्यायाम करने का भी ढंग होता है। इसे करते समय सदा कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिएँ। पहली सावधानी यह है कि आयु, समय व शरीर की क्षमता के अनुसार ही व्यायाम करना चाहिए। दूसरी सावधानी यह है कि सही व्यायाम का चुनाव करना चाहिए तथा व्यायाम की उचित मात्रा निश्चित करनी चाहिए। तीसरी सावधानी यह है कि शुद्ध वायु, प्रकाश वाले खुले स्थान में व्यायाम करना चाहिए। व्यायाम के तुरंत बाद स्नान नहीं करना चाहिए। व्यायाम के अनेक लाभ हैं-इससे शरीर में शुद्ध रक्त का संचार होता है, भोजन ठीक से पचता है, शरीर पुष्ट बन जाता है, थकान कम अनुभव होती है तथा मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है।

(i) कैसा मनुष्य सुखमय जीवन बिता सकता है ?

(ii) स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है ?

(iii) व्यायाम करने से क्या लाभ है ?

(iv) व्यायाम करने के बाद क्या नहीं करना चाहिए ?

(v) गदयांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

(2).निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1x5=5)**

अभ्यास अर्थात सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना । इससे व्यक्ति की प्रतिभा में निखार आता है । मूर्ख व्यक्ति भी निरंतर अभ्यास से ज्ञानवान हो जाता है। इस संपूर्ण प्रक्रिया में मनुष्य को इच्छाशक्ति से

आत्मबल को बनाए रखने की आवश्यकता होती है । एकलव्य और अर्जुन अभ्यास के बल पर धनुर्विद्या में पारंगत हुए । चींटी और मकड़ी जैसे प्राणी भी अभ्यास के बल पर अपने प्रयास में सफल होते हैं। कर्मवीर व्यक्ति भाग्य के भरोसे नहीं बैठते हैं। वे अपनी राह स्वयं चुनते हैं । निरंतर अभ्यास से अपनी कमियों को दूर करते हुए असंभव कार्य को संभव करके जीवन में सफलता हासिल करते हैं। जो व्यक्ति असफलता के भय से साहसपूर्वक परिश्रम नहीं करते, वे कभी आगे नहीं बढ़ पाते । इस प्रकार निरंतर अभ्यास से अपनी प्रतिभा को निखारने वाले व्यक्ति ही असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी हो जाते हैं ।

(i) अभ्यास से आप क्या समझते हैं ?

(ii) अभ्यास करने से मूर्ख व्यक्ति में क्या बदलाव आता है ?

(iii) अर्जुन अभ्यास द्वारा किसमें पारंगत हुए ?

(iv) कैसे व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ पाते ?

(v) गदयांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

खंड - ख (व्याकरण)

Q3.(ख)निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर बिंदु अथवा चंद्रबिंदु चिह्न लगाइए। (½+½=1)

i) बास ii) जगल

(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (1x2=2)

i) पक्षी ii)फूल

(ग) निम्नलिखित शब्दों के उचित लिंग बदलकर लिखिए । (1x2=2)

i) भाई ii) चूहा

Q4 (क) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (1x2=2)

i) जिस में विष हो - ii)जो सोने चाँदी के गहने बनाए -

(ख) निम्नलिखित शब्द के वचन बादल कर लिखिए । (1x2=2)

i) कहानी ii) घड़ा

(ग) निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित विशेषण लिखिए । (1x2=2)

i) --------- बगुला ii) ------- आम

Q5.(क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए । (1x2=2)

i) काला अक्षर भैंस बराबर ii) घी के दीये जलाना

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (1x2=2)

i) सुख ii) अपने

Q6.(क) ड़ और ढ़ से एक - एक शब्द बनाकर लिखिए । (½+½=1)

(ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर अंतर स्पष्ट कीजिए । (1x2=2)

समान - सम्मान

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए । (1x2=2)

छिपकाली, लेना ,रेडियो , सुनाता

खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)

Q7.पाठ के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । **(1x2=2)**

(क) रोहित अपने माता -पिता के साथ ---में रहता था ।

(ख) हीरक - में फँस गया ।

Q8.पाठ के आधार पर वाक्यों का उचित मिलान कीजिए । **(1x3=3)**

क		ख
i) नोआखली में	-	राजमहल के पास से गुज़रा
ii) सुंदर वन में आम का	-	नारियल और सुपारी के जंगल
iii) एक राहगीर	-	एक पुराना पेड़ था

Q9.पाठ के आधार पर लिखिए । ये वाक्य किसने, किससे कहे ? **(1×2=2)**

(क) "भैया ! बस इतना बता दो कि बगुला कैसा होता है ?"

(ख) "जब मैं बड़ा हो जाऊँगा तब अपने माता -पिता को पूरा सम्मान दूँगा।"

Q10.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । **(1x3=3)**

(क) गाँधी जी किसका प्रसार करने के लिए पैदल यात्रा कर रहे थे ?

(ख) पहली बारिश कविता के कवि का नाम क्या है ?

(ग) राज मिस्त्री किसपर गारा पोत रहा था ?

Q11.निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए । **(2x5=10)**

(क) कौन -से लोग सुख पाते हैं ?

(ख) रोहित अपनी दादी को कौन - सी बातें और खबरें सुनाता था ?

(ग) हीरक हिरण घास चरने कहाँ आता था ?

(घ) गाँधी जी को खुरदरा पत्थर किसने दिया और वे इसका उपयोग किस लिए करते थे ?

(ड.) कविता **पहली बारिश** में सब ने बारिश को क्यों कोसा ?

Q12.निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए । **(3x2=6)**

(क) अंत में चोर ने पकड़े जाने पर क्या कहा ?

(ख) सुप्पंदी के मन में ऐसा विचार क्यों आया कि छोटी चप्पलों को गरम करने पर वे बड़ी हो जाती हैं ?

Q13. निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए । (कोई एक) **(4x1=4)**

(क) सच्चे मित्र में कौन -कौन से गुण होते है ? आप अपनी मित्रता कैसे निभाते हैं अपने विचार लिखिए ।

(ख) घर के बड़े - बुजुर्ग हमारे परिवार के हिस्सा हैं । आप अपने दादा - दादी , नाना - नानी का सम्मान किस प्रकार करते हैं ? अपने विचार लिखिए ।

खंड - घ (रचनात्मक लेखन)

Q14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । **(5x1=5)**

(i) स्वतंत्रता दिवस (ii) वर्षा ऋतु (iii) मेरा प्रिय मित्र

Q15.किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । **(5x1=5)**

(क) भाई के विवाह में शामिल होने हेतु पाँच दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या को आवेदन - पत्र लिखिए ।

अथवा

शुल्क - माफ़ी के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना - पत्र लिखिए ।

Q16 विद्यालय में गृहकार्य नहीं करके लाए छात्र एवं शिक्षक की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (5x1**=5)**

अथवा

जन्मदिन की दावत पर माता - पुत्र /पुत्री की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।

Q17. दिए गए चित्र को देखकर जो विचार आपके मन में आ रहे हैं, उन्हें 40 से 50 शब्दों में लिखिए । **(5x1=5)**



अथवा

दिए गए चित्र को देखकर जो विचार आपके मन में आ रहे हैं , उन्हें 40 से 50 शब्दों में लिखिए ।